महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह

डॉ. अंबेडकर ने ज्ञान के बल पर अपने समय की बड़ी ताकत को झुकाया

-प्रो. चित्तरंजन मिश्र

भाषण प्रतियोगिता में उपासना गौतम को मिला प्रथम पुरस्कार

वर्धा दि. 15 अप्रैल 2015: डॉ. बाबासाहब अंबेडकर अपने लिए नहीं बल्कि अपने समाज को बड़ा बनाने के लिए ज्ञान अर्जित किया। उन्होंने विभिन्न विधाओं में ज्ञान प्राप्त कर उस ज्ञान के बल पर अपने समय की बड़ी-बड़ी ताकतों को झुकाया। उनके ज्ञान का दिया अपने भीतर महसूस करने के लिए हमें डॉ. अंबेडकर से प्रेरणा लेनी होगी। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने व्यक्त किये। वे विश्वविद्यालय में भारतरत्न डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की 124वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। विवि के हबीब तनवीर सभागार में 14 अप्रैल को आयोजित समारोह में दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र के निदेशक तथा संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. एल. कारूण्यकरा, भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल, शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा, डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ. सुरजीत कुमार सिंह मंचासीन थे।

प्रो. मिश्र ने कहा कि डॉ. अंबेडकर पर बुद्ध का गहरा प्रभाव था। उन्होंने बुद्धकालीन गणराज्य व्यवस्था का अध्ययन कर उसे भारतीय संविधान में उतारा है। किशन पटनायक लिखित 'विकल्पहीन नहीं है दुनिया' पुस्तक का जिक्र करते हुए प्रो. मिश्र ने कहा कि दलितों और पिछड़ो में न्याय की भूख पैदा करने में महात्मा फुले, लोहिया और डॉ. अंबेडकर की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं अपितु दुनिया के अनेक देश आज डॉ. अंबेडकर के ज्ञान का लोहा मान रहे हैं।

प्रो. एल. कारूण्यकरा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को केवल दलितों का नेता नहीं कहा जा सकता। वें पूरे देश और समाज के ऐसे नेता थे जिन्होंने समाज के हर वर्ग के प्रति संघर्ष किया। प्रो. अरबिंद कुमार झा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन और कार्य के अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे देश और दुनिया के लिए ज्ञान के प्रतीक है। प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य समारोह के बाद विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और कर्मियों के लिए 'दलित और सामाजिक परिवर्तन' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विवि के छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार उपासना गौतम को, दूसरा पुरस्कार रजनीश कुमार त्रिपाठी को तथा तीसरा पुरस्कार आकाश खोब्रागडे, दिनेश पटेल और राजेश अहिरवार को दिया गया। प्रतियोगिता के परीक्षक की भूमिका में प्रो. एल. कारूण्यकरा, प्रो. अरबिंद कुमार झा और डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी थे। कर्मी अमन ताकसांडे ने 'वो बात करो पैदा...' गीत प्रस्तुत किया। मुख्य समारोह का संचालन डॉ. सुरजीत कुमार सिंह ने किया तथा भाषण प्रतियोगिता का संचालन साहित्य विद्यापीठ में सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह ने किया। समारोह में अध्यापक, अधिकारी, कर्मी, वर्धा के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं बडी संख्या में उपस्थित हुए।

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

हिंदी विश्वविद्यालयात डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती समारोह

डॉ. आंबेडकरांनी ज्ञानाच्या बळावर मोठ-मोठया शक्तींना झुकविले -प्रो. चित्तरंजन मिश्र

भाषण स्पर्धेत उपासना गौतम हिला मिळाला प्रथम पुरस्कार

वर्धा दि. 15 एप्रिल 2015: डॉ. बाबासाहेब आंबेडकरांनी आपल्या ज्ञानाच्या बळावर मोठ-मोठया शक्तींना झुकविले. त्यांनी प्राप्त केलेल्या ज्ञानाचा दिवा आपल्यात तेवत ठेवण्यासाठी आम्हाला त्यांच्याकडून प्रेरणा घेतली पाहिजे असे विचार महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे प्रकुलगुरु प्रो. चित्तरंजन मिश्र यांनी व्यक्त केले. विश्वविद्यालयात भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर यांच्या 124व्या जयंतीचे भव्य आयोजन करण्यात आले होते. यावेळी समारंभाचे अध्यक्ष म्हणून ते बोलत होते. हबीब तनवीर सभागृहात आयोजित कार्यक्रमाला दलित व जनजाती अध्ययन केंद्राचे निदेशक तथा संस्कृती विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. एल. कारूण्यकरा, भाषा विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. हनुमान प्रसाद शुक्ल, शिक्षा विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा, डॉ. भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्राचे प्रभारी डॉ. सुरजीत कुमार सिंह मंचावर उपस्थित होते.

प्रो. मिश्र म्हणाले की डॉ. आंबेडकरांवर बुद्धांच्या विचारांचा मोठा प्रभाव होता. त्यांनी बुद्धकालीन गणराज्य व्यवस्थेचा अभ्यास करून त्यातील अनेक तत्वे भारतीय राज्यघटनेमध्ये समाविष्ट केलीत. ते म्हणाले की दलित आणि इतर मागास घटकांमध्ये न्यायाची भूक निर्माण करण्यासाठी महात्मा फुले, लोहिया आणि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर यांनी मोलाचे कार्य केले. आता भारतच नव्हे तर इतर देशही बाबासाहेबांच्या ज्ञानाची दखल घेत आहे असेही ते म्हणाले.

प्रो. एल. कारूण्यकरा म्हणाले की डॉ. आंबेडकरांना केवळ दलितांचा नेता म्हणता येणार नाही ते समग्र देश आणि समाजाचे नेते होते आणि त्यांनी प्रत्येक घटकांसाठी पराकोटीचा संघर्ष केला. प्रो. अरबिंद कुमार झा यांनी डॉ. आंबेडकर हे ज्ञानाचे प्रतीक होय असे संबोधन दिले. कार्यक्रमानंतर विद्यार्थी आणि कर्मचा-यांकरिता 'दलित आणि सामाजिक परिवर्तन' या विषयावर भाषण स्पर्धा घेण्यात आली. स्पर्धेचा प्रथम पुरस्कार उपासना गौतम हिला तर दुसरा पुरस्कार रजनीश कुमार त्रिपाठी या विद्यार्थ्याला तर तीसरा पुरस्कार आकाश खोब्रागडे, दिनेश पटेल आणि राजेश अहिरवार यांना घोषित करण्यात आला. स्पर्धेत 20 हून अधिक विद्यार्थी सहभागी झाले होते. परीक्षक म्हणून प्रो. एल. कारूण्यकरा, प्रो. अरबिंद कुमार झा आणि डॉ. नृपेंद्र प्रसाद मोदी यांनी काम

पाहिले. अमन ताकसांडे यांनी 'वो बात करो पैदा...' हे गीत सादर केले. संचालन डॉ. सुरजीत कुमार सिंह आणि साहित्य विद्यापीठातील सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह यांनी केले. कार्यक्रमाला अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी, वर्धेतील गणमान्य नागरिक आणि विद्यार्थी मोठया संख्येने हजर होते.